बिहार शिक्षा परियोजना परिषद
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, पटना–800 004

Bihar Education Project Council
Shiksha Bhawan, Rastrabhasha Parishad Campus
Saidpur, Patna –800 004

पत्रांक : Acctts/ 6419

दिनांक: 2/9/13

सेवा में,

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
सभी जिले।

विषय : बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् के द्वारा सर्व शिक्षा अभियान, के0 जी0 वी0 भी0 एवं एन0 पी0 ई0 जी0 एल0, G.O.B. मद, UNICEF और अन्य कार्यक्रमों से संबंधित अग्रिम समायोजन के पश्चात् राशि निर्गत करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में यह अंकित करना है कि अग्रिम समायोजन के क्रम में यह पाया जा रहा है कि पूर्व में निर्गत किये गये दिशा निर्देश के कारण समायोजन पर विपरीत असर पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में पूर्व से निर्गत कार्यालय आदेश संख्या Acctts/87/2012-13/5979 दिनांक 30.8.2013 में दिये गये अग्रिम समायोजन को शिथिल करते हुए अग्रिम समायोजन हेतु निम्न निदेश दिये जा रहे हैः–

1. जिला में कार्यरत सभी संभाग प्रभारी अपने संभाग से संबंधित निर्गत अग्रिम राशि का वर्ष वार, मदवार व्यय इकाई (Spending unit) VSS/CRC/BRC wise विवरणी तैयार करेंगे।

2. तैयार विवरणी को लेखा शाखा से अंकेक्षित तलपट द्वारा राशि को Reconcile करेंगे।

3. Reconcile विवरणी की सूची BRC को उपलब्ध करावेंगे।

4. BRC Level पर कैंप लगाकर उपयोगिता प्रमाण पत्र Collect करेंगे, Camp की तिथि की सूचना जिला द्वारा राज्य स्तरीय कार्यालय को दी जाएगी। जिला कार्यालय एंव राज्य कार्यालय द्वारा गठित टीम द्वाराइसकी मॉनिटरिंग की जाएगी।

5. प्राप्त उपयोगिता को मदवार, वर्षवार, VSS/CRC/BRC wise विवरणी बनाकर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी जिला कार्यालय में संभाग प्रभारी द्वारा प्राप्त उपयोगिता को लेखा में संधारण हेतु संचिका अग्रसारित करेंगे जिला शिक्षा पदाकिारी/जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (SSA) द्वारा पत्रांक 3327 दिनांक 09.07.2012 में दिये गए निदेश के अनुसार स्वीकृति देंगे, तत्पश्चात् लेखा शाखा इसे लेखा में संधारित करेंगे।

**निर्गत अग्रिम राशि का व्यय प्रमाण पत्र निम्न प्रकार प्राप्त किया जाएगा :**

| क्रम सं0 | मद | लेखा में समायोजन हेतु प्रमाणक |
|---|---|---|
| 1 | Teacher Salary | जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) द्वारा प्राप्त उपयोगिता प्रमाण पत्र/उपलब्ध कराई गई प्रपत्र में |
| 2 | SDG, TLM. TLE, R&M Grant | उपयोगिता प्रमाण पत्र और प्रधानाध्यापक/प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से यह प्रमाण पत्र की विपत्र की मूल प्रति विद्यालय में संरक्षित है। |



☎:0612-2667163, Fax: 0612-2667190: Email: ssabihar@gmail.com, Website: www.bepcssa.org

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, पटना–800 004

Bihar Education Project Council
Shiksha Bhawan, Rastrabhasha Parishad Campus
Saidpur, Patna –800 004

| | | |
|---|---|---|
| 3 | Teacher Training | उपयोगिता प्रमाण पत्र और प्रधानाध्यापक/प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से यह प्रमाण पत्र की विपत्र की मूल प्रति विद्यालय में संरक्षित है। |
| 4 | Programme<br>a) Run by VSS<br><br>b) Run by NGO | उपयोगिता प्रमाण पत्र और प्रधानाध्यापक/प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से यह प्रमाण पत्र की विपत्र की मूल प्रति विद्यालय में संरक्षित है।<br>चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा अंकेक्षित लेखा का प्रतिवेदन एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र। |
| 5 | Civil - ACR<br>- NSB<br>- H.M. Room<br>- Kitchen Shed | कार्यालय पत्रांक 1045 दिनांक 21.02.2013 के आलोक में निर्गत आदेश के अनुसार। |
| | Ramp<br>Toilet<br>Handpump | Rs. 50,000/- तक के व्यय पर SOE पर Civil Sec. द्वारा सत्यापन उपरान्त समायोजन। |
| 6 | KGBV<br>a) Run by VSS<br><br>b) Run by NGO | i) उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ में यह प्रमाण पत्र की अभिश्रव की मूल प्रति कार्यालय में रक्षित है।<br>ii) छात्रावास निर्माण में कार्यालय पत्रांक 1045 दिनांक 21.02.2013 के आलोक में निर्गत आदेश के अनुसार।<br>चार्टर्ड एकाउन्टेंन्ट द्वारा अंकेक्षित लेखा का प्रतिवेदन एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र। |
| 7 | NPEGEL<br>a) Run by VSS<br><br>b) Run by NGO | उपयोगिता प्रमाण पत्र और संचालक द्वारा यह प्रमाण पत्र की अभिश्रव की मूल प्रति कार्यालय में संरक्षित है।<br>चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा अंकेक्षित लेखा का प्रतिवेदन एंव उपयोगिता प्रमाण पत्र। |
| 8 | UNICEF | उपयोगिता प्रमाण पत्र यह प्रमाण पत्र की विपत्र की मूल प्रति विद्यालय में संरक्षित है। |
| 9 | a) G.O.B.<br><br>b) Poshak<br><br>c) अन्य कार्यक्रम | मानदेय भुगतान की गई Bank Advice की छाया प्रति प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित।<br>उपयोगिता प्रमाण पत्र और यह प्रमाण पत्र की मूल अभिश्रव, छात्र/छात्राओं द्वारा प्राप्त की गई विवरणी विद्यालय में संरक्षित है।<br>उपयोगिता प्रमाण पत्र और प्रधानाध्यापक से सत्यापित विपत्र की छाया प्रति, यह प्रमाण पत्र की विपत्र की मूल प्रति विद्यालय में संरक्षित है। |



☎:0612-2667163, Fax: 0612-2667190: Email: ssabihar@gmail.com, Website: www.bepcssa.org

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, पटना–800 004

Bihar Education Project Council
Shiksha Bhawan, Rastrabhasha Parishad Campus
Saidpur, Patna –800 004

उपयोगिता प्रमाण पत्र का प्रपत्र पत्र के साथ संलग्न है।

उर्पयुक्त निदेशों का अनुपालन कर समायोजन प्रकिया को पूरा करें अन्यथा समायोजन नहीं होने की स्थिति में लेखापदाधिकारी/लेखापाल एंव संबंधित संभाग कर्मियों की संविदा समाप्त की जाएगी। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा अभियान), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (लेखा एंव योजना), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) या आपके स्तर पर समायोजन करने में शिथिलता बरती गई तो विभाग को अनुशासनात्मक कार्यवाई के लिए अनुशंसा की जाएगी।

विश्वासभाजन

(राहुल सिंह)
राज्य परियोजना निदेशक

अनुलग्नकः यथोपरि।

पत्रांक 6419

दिनांक 20/9/13

प्रतिलिपि : प्रशासी पदाधिकारी/लेखापदाधिकारी/लेखापाल/संबंधित सम्भागकर्मियों/जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा अभियान)/जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (लेखा एंव योजना)/जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) को सूचनार्थ प्रेषित।

राज्य परियोजना निदेशक



☎:0612-2667163, Fax: 0612-2667190: Email: ssabihar@gmail.com, Website: www.bepcssa.org